SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**(राजभाषा/नराकास प्रभाग)**

फा.स : भाखेप्रा/रा.भा/3085/2025-26 /99 दिनांक : 02.05.2025

**विषय : राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान आयोजित होने वाली खेल कूद प्रतियोगिताओं पर होने वाले व्यय एवं व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ।**

उपरोक्त विषय के संबंध में, सूचनार्थ प्रस्तुत है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से श्री संतोष कुमार, अनुसंधान अधिकारी, के प्राप्त ई-मेल के अनुसार दिनांक 26 जून, 2025 को राजभाषा विभाग की स्थापना को 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मंडपम, नई दिल्ली "राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह" का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय स्तर पर खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी है।

पत्र द्वारा इन प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, वॉलीवॉल, शतरंज के साथ-साथ वॉकिथलोन (लोधी गार्डन से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम) प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किए जाने का अनुरोध किया गया है । खेल आयोजन से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्था भारतीय खेल प्राधिकरण को सौंपी गई है।

इस संबंध में, विस्तृत चर्चा एवं निर्णय हेतु दिनांक 05.05.2025 को अपराहन 2:00 से 3:00 बजे तक भारतीय खेल प्राधिकरण के भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में एक बैठक आयोजित की जा रही है। निम्नलिखित प्रभारी/प्रभाग प्रमुखों से अनुरोध है कि वे बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें की कृपा करें : -

1. आई.टी.प्रभाग
2. मीडिया प्रभाग
3. राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र, आई.जी.स्टेडियम
4. स्टेडिया प्रभाग
5. उपस्कर सहायता प्रभाग
6. सामान्य प्रशासन प्रभाग

गीता पाराशर 2/5/25

**(डॉ. गीता पाराशर)**
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**

प्रति : -

प्रभारी (सामान्य प्रशासन प्रभाग) - अनुरोध है कि उक्त अवधि के दौरान लगभग 25-30 अधिकारियों के लिए जलपान (पानी+चाय+बिस्कुट) की व्यवस्था सुनिश्चित करें और 2:00 से 3:00 बजे तक भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष बुक करने की कृपा करें।

प्रतिलिपि : -

1. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण के उपनिदेशक
2. सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण के अनुभाग अधिकारी
3. मास्टर फाइल